सत्यमेव जयते
भारत सरकार
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
GOVERNMENT OF INDIA
**NATIONAL COMMISSION FOR SCHEDULED TRIBES**

File No. Tour Programme/CP/18/2017/RU-III

6th floor, B Wing Loknayak Bhawan,
Khan Market,
New Delhi-110003
**Dated: 20th September, 2017**

To,

1. The Secretary,
Tribal Welfare & SC Development Department,
Govt. of Chhattisgarh,
Mahanadi Bhawan,
New Raipur, Raipur

2. The Secretary,
SC & ST Welfare Department,
Govt. of Madhya Pradesh,
Bhopal, (Madhya Pradesh)

3. The Collector,
District- Dhamtari,
(Chhattisgarh)

4. The Collector,
District- Kanker
(Chhattisgarh)

5. The Collector,
District- Bilaspur,
(Chhattisgarh)

Sub: Tour Report of Shri Nand Kumar Sai, Hon'ble Chairperson, National Commission for Scheduled Tribes (NCST) to visit Chhattisgarh and Madhya Pradesh States from 12th April to 19th April, 2017.

Sir/Madam,

I am directed to enclose herewith a copy of tour report of Shri Nand Kumar Sai, Hon'ble Chairperson, NCST to visit Chhattisgarh and Madhya Pradesh States from 12th April to 19th April, 2017 for information and necessary action.

Yours faithfully,

(S.P. Meena)
Assistant Director

Copy to:

NIC, NCST uploaded on the web site.

भारतसरकार
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजातिआयोग, नईदिल्ली

**श्री नन्दकुमार साय, माननीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की दिनांक 12–19 अप्रैल 2017 तक छत्तीसगढ़–मध्यप्रदेश प्रवास की रिपोर्ट**

दिनांक 12 अप्रैल 2017 को माननीय श्रीनंदकुमार साय, अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार वायुमार्ग के जरिए नईदिल्ली से रायपुर छत्तीसगढ़ पहुंचे।स्वामी विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय विमान तल पर आदिवासी समाज के विभिन्न संगठनों के प्रमुख जनों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। माननीय अध्यक्ष विमान तल से जेल रोड़ स्थित निवास पश्चात सड़कमार्ग से अभनपुर के लिए रवाना हुए।

अभनपुर विश्राम गृह मे स्थानीय जनप्रतिनिधियों से चर्चा के साथ, उनकी समस्याओं को माननीय अध्यक्ष महोदय ने सुना और आवश्यक कार्यवाही के लिए आश्वस्त किया। इस दौरान माननीय अध्यक्ष ने आयोग का संक्षिप्त परिचय देते हुए जनप्रतिधियों व कार्यकर्ताओं को आयोग की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। चर्चा के उपरांत स्थानीय अधिकारियों को सम्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। माननीय अध्यक्ष महोदय के अभनपुर प्रवास पर आदिवासी समाज के लोगों ने जोरदार तरीके से उत्साह का प्रदर्शन किया।



**माननीय अध्यक्ष, अभनपुर में आदिवासी समाज के प्रमुखों एवं कार्यकर्ताओं के साथ**

नन्द कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

तत्पश्चात सड़कमार्ग से जिला धमतरी के लिए रवाना हुए। धमतरी जिला मुख्यालय विश्राम गृह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मुलाकातव चर्चा की। आदिवासी समाज के लोगों ने माननीय अध्यक्ष महोदय को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। माननीय अध्यक्ष महोदय ने समाज और संगठन के लोगों की समस्याओं को लेकर आवश्यक कार्यवाही के लिए संबंधित स्थानीय अधिकारियों को निर्देशित किया।




माननीय अध्यक्ष महोदय सड़कमार्ग से जिला मुख्यालय कांकेर विश्राम गृह के लिए रवाना हुए। जहां आदिवासी समाज के अलावा स्थानीय अन्य लोगों और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात एवं अन्य चर्चा की। साथ ही जिलामुख्यालय के संबंधित अधिकारियों को जनसमस्याओं के तत्काल समाधान के लिए निर्देशित किया। माननीय अध्यक्ष महोदय कांकेर के चंवड़ गांव में आदिवासी समाज द्वारा आयोजित सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जिसमें क्षेत्र के पांच हजार से अधिक ग्रामीण उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने आदिवासी समुदाय के लिए चलाई जा रही विकास योजनाओं की जानकारी ली तथा सुधार हेतु आवश्यक सुझाव भी दिए। तदोपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय सड़कमार्ग से रायपुर के लिए रवाना हो गए, जहां पर कुछ समय विश्राम के पश्चात वे बिलासपुर के लिए रवाना हुए। माननीय अध्यक्ष महोदय ने रात्रि विश्राम बिलासपुर स्थित छत्तीसगढ़ भवन में किया।

नन्द कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

नन्द कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

दिनांक 13 अप्रैल 2017 को माननीय अध्यक्ष महोदय ने बिलासपुर के छत्तीसगढ़ भवन में स्थानीय निवासियों से मुलाकात और चर्चा के साथ ही शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली तथा आयोग की शक्तियों और गतिविधियों से उपस्थित जनों को अवगत कराया। इस दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय ने आदिवासी समाज के लोगों को एकजुट होने का संदेश भी दिया। पश्चात दोपहर 2 बजे सड़कमार्ग से रायपुर के लिए प्रस्थान किया। रायपुर स्थित आवास में कुछ देर के विश्राम के पश्चात माननीय अध्यक्ष महोदय ने वायुमार्ग से मध्यप्रदेश के भोपाल के लिए प्रस्थान किया।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार माननीय अध्यक्ष महोदय 14 अप्रैल 2017 को भोपाल स्थित माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय के रविन्द्रभवन में आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति गणेश शंकर विद्यार्थी सम्मान समारोह में शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए माननीय अध्यक्ष महोदय ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान से उपस्थित नागरिकों, विश्वविद्यालय प्रबंधन एवं छात्र–छात्राओं को अवगत कराया।



नन्द कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

दिनांक 15 अप्रैल 2017 को माननीय अध्यक्ष महोदय निर्धारित **कार्यक्रमानुसार रायपुर पहुँच कर** सड़कमार्ग से राजिम स्थित विश्रामगृह के लिए प्रस्थान किया। विश्रामगृह में माननीय अध्यक्ष महोदय से स्थानीय विधायक श्री संतोष उपाध्याय सहित समाज के अन्य प्रमुखजनों ने मुलाकात की और स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया। पश्चात माननीय अध्यक्ष महोदय पांडूका के रवाना हुए। पांडूका में आदिवासी समाज के लोगों ने माननीय अध्यक्ष महोदय का भव्य स्वागत किया।









पांडूका में आदिवासी संगठनों ने विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया **गया** था। समारोह में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए माननीय अध्यक्ष महोदय ने **आदिवासी समुंद्र** साक्षरता **बढ़ाने** पर बल दिया। माननीय अध्यक्ष महोदय ने शिक्षा के बिना जीवन अंधकारमय है, इस दौरान सामाजिक संगठन के लोगों ने माननीय अध्यक्ष को सामाजिक दिक्कतों से अवगत कराया। माननीय अध्यक्ष महोदय ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की और तमाम समस्याओं को सुनने के साथ ही उसके समाधान के लिए आवश्यक **सुझाव भी दिए।**

पांडूका **में आदिवासी समुदाय को संबोधित करने के उपरान्त सड़क मार्ग से रायपुर एवं रेलमार्ग से रायगढ प्रस्थान किया।**

**<u>दिनांक 16.04.2017</u>**

**रायगढ से सड़क मार्ग द्वारा आदिवासी ग्रामों घरघोड़ा, लेलूँगा, कोतबा का भ्रमण करते होए आदिवासी परिवारों से मुलाकात की गई। तदुन्परांत गृह ग्राम भगोरा में विश्राम किया।**

**<u>दिनांक 17.04.2017</u>**

**गृह ग्राम भगोरा से रायपुर के लिए सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान।**

**<u>दिनांक 18.04.2017</u>**

**सड़कमार्ग द्वारा कुम्हारी चरोंदा को प्रस्थान कर आदवासी समुदाय द्वारा आयोजित स्थानीय कार्यकर्म में सहभागिता की गयी।**

**कुम्हारी चरोंदा से अहिवारा में आयोजित स्थानीय कार्यकर्म में सहभागिता कर आदिवासी समुदाय के लोगों को आयोग के कार्यों शक्तियों तथा संविधान द्वारा प्रदत सुरंक्षणों से अवगत कराया। रात्रि में सड़कमार्ग से रायपुर प्रस्थान कर दिनांक 19.04.2017 को वायुमार्ग द्वारा नई दिल्ली आगमन।**

नन्द कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi